भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं. *358.
जिसका उत्तर 19.12.2024 को दिया जाना है

**जीवाश्म ईंधन के स्थान पर जैव ईंधन का उपयोग**

*358. श्री दिनेशभाई मकवाणा:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) जीवाश्म ईंधन के स्थान पर देश की अर्थव्यवस्था और पर्यावरण को लाभ पहुंचाने वाले जैव ईंधन के उपयोग के संबंध में सरकार का विज़न क्या है; और

(ख) देश में इथेनॉल से चलने वाले वाहनों को कब तक आरंभ किए जाने की संभावना है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) एक विवरण सदन के पटल पर रखा जाता है।

**"जीवाश्म ईंधन के स्थान पर जैव ईंधन का उपयोग" के संबंध में श्री दिनेशभाई मकवाणा** द्वारा पूछे गए **दिनांक 19.12.2024 के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *358 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क) सरकार आयात पर निर्भरता कम करने, रोजगार सृजित करने, किसानों को बेहतर पारिश्रमिक प्रदान करने, संबंधित पर्यावरणीय लाभ, बेहतर अपशिष्ट प्रबंधन तरीकों को बढ़ावा देने आदि के व्यापक उद्देश्यों के लिए जैव ईंधन को बढ़ावा दे रही है। देश भर में जैव ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रम शुरू किए गए हैं, जैसे इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम, जिसमें तेल विपणन कंपनियां (ओएमसी) इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल बेचती हैं, जैव डीजल मिश्रण कार्यक्रम जिसमें जैव डीजल को डीजल के साथ मिश्रित किया जाता है और किफायती परिवहन के लिए स्थायी विकल्प (एसएटीएटी) पहल जिसमें संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) के साथ संपीड़ित जैव गैस (सीबीजी) का विपणन किया जाता है। पिछले दस वर्षों के दौरान, सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसी द्वारा पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण के परिणामस्वरूप दिनांक 30.09.2024 तक लगभग 1,08,655 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा की बचत हुई है और लगभग 557 लाख मीट्रिक टन निवल कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आई है। वर्ष 2014-2024 की अवधि के दौरान इथेनॉल मिश्रण प्रतिशत इथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) 2013-14 के 1.53% से बढ़कर ईएसवाई 2023-24 में 14.6% हो गया। इसके अलावा, जैव-सीएनजी, जैव ईंधन आदि जैसे गैर-जीवाश्म ईंधनों से चलने वाले मोटर वाहनों के विकास को सुगम बनाने के लिए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने गैसोलीन, फ्लेक्स-फ्यूल, बायोडीजल, बायो-सीएनजी, गैसोलीन के साथ मेथनॉल के मिश्रण, दोहरे ईंधन आदि के संबंध में बड़े पैमाने पर (मास) उत्सर्जन मानकों को अधिसूचित किया है।

(ख) 1 अप्रैल, 2023 के बाद से बाजार में लाए गए वाहनों को ई20 सामग्री के अनुरूप बनाया गया है। इसके अलावा, दोपहिया फ्लेक्स फ्यूल वाहन (एफएफवी) वर्तमान वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही से बाजार में लाए जाने के लिए तैयार हैं। वास्तव में, कुछ ऑटोमोबाइल निर्माताओं ने पहले ही फ्लेक्स फ्यूल वाहन की घोषणा कर दी है और अन्य इसे तैयार कर रहे हैं। चार पहिया वाहनों के लिए, ऑटोमोबाइल उद्योग वित्त वर्ष 2025-26 में इसे लाने के लिए प्रतिबद्ध है। तदनुसार, 2 ओईएम द्वारा निर्मित दोपहिया एफएफवी की 11 इकाइयां, 5 ओईएम से चार पहिया वाहनों की 5 इकाइयां और 1 ओईएम से तीन पहिया वाहन की 1 इकाई भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्स्पो 2025 में प्रदर्शित की जा रही है।

*****